शाहपुरा में शुरू होगा देवनारायण बालक आवासीय विद्यालय

जयपुर, (कासं.)। शाहपुरा जिले में नवनिर्मित देवनारायण बालक आवासीय विद्यालय का संचालन शुरू होगा। साथ ही, जालोर के चितलवाना में 50 आवास क्षमता के देवनारायण छात्रावास का निर्माण कराया जाएगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस आशय के प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की हैं। शाहपुरा में विद्यालय 280 आवासीय क्षमता में शुरू होगा। यहां कक्षा 6 से 12 तक के लिए संचालित आवासीय विद्यालय में कक्षा 11 एवं 12 में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित एवं जीव विज्ञान ऐच्छिक विषय के रूप में पढ़ाए जाएंगे। विद्यालय संचालन के लिए 23 शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक पदों का सृजन भी किया जाएगा। इनमें प्रधानाध्यापक, शारीरिक शिक्षक ग्रेड-द्वितीय, पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-तृतीय, कनिष्ठ लेखाकार, छात्रावास अधीक्षक ग्रेड-द्वितीय एवं कनिष्ठ सहायक के 1-1, वरिष्ठ अध्यापक के 2, अध्यापक लेवल-2, प्रयोगशाला सहायक एवं प्रयोगशाला सेवक के 3-3 तथा व्याख्याता के 6 पद शामिल हैं। जालोर के चितलवाना में 0.80 हैक्टेयर भूमि पर 2.80 करोड़ रुपये की लागत से देवनारायण छात्रावास का निर्माण होगा।

एमनेस्टी योजनाओं की समयावधि 31 दिसम्बर तक बढ़ाई

जयपुर, (कासं.)। राज्य सरकार ने राजस्व बकायों के पुराने प्रकरणों के शीघ्र समाधान और हितधारकों को राहत देने के लिए एमनेस्टी योजनाओं की समयावधि बढ़ाई है। अब 31 दिसम्बर, 2023 तक बकाया राशि जमा कराने पर नियमानुसार ब्याज व पैनल्टी में छूट मिलती रहेगी। इससे राज्य सरकार के राजस्व में भी वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने समस्त हितधारकों के व्यापक हितों के दृष्टिगत एमनेस्टी योजनाओं की अवधि बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस स्वीकृति से वेट एमनेस्टी स्कीम, स्टाम्प ड्यूटी एमनेस्टी, ट्रांसपोर्ट एमनेस्टी, आबकारी एमनेस्टी, रीको एमनेस्टी, खनन संबंधी एमनेस्टी, ऊर्जा संबंधी एमनेस्टी, जीएसटी एमनेस्टी एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की एमनेस्टी योजना की समयावधि को 31 दिसम्बर तक बढ़ाया गया है। इन एमनेस्टी योजनाओं के अंतर्गत बकाया राशि के भुगतान पर ब्याज एवं शास्ति आदि में भारी छूट दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि एमनेस्टी योजनाओं में से वेट एमनेस्टी स्कीम, स्टाम्प ड्यूटी एमनेस्टी, ट्रांसपोर्ट एमनेस्टी, आबकारी एमनेस्टी, रीको एमनेस्टी, खनन संबंधी एमनेस्टी एवं ऊर्जा संबंधी एमनेस्टी की अवधि 30 सितम्बर, 2023 को समाप्त हो रही है।

ग्राम स्तरीय भागीदारी से बनेगा पंचायतीराज का विजन डॉक्यूमेंट

जयपुर, (कासं.)। राज्य के विकास की गति को दस गुना बढ़ाते हुए राजस्थान को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करने के लिए विजन डॉक्यूमेंट निर्माण की तैयारी जोर-शोर से जारी है। इसके अन्तर्गत मंगलवार, पांच सितम्बर को बड़ी संख्या में ग्रामीणजन भी इस पूरी प्रक्रिया को समझेंगे, जिससे वे उपयोगी सुझावों के माध्यम से विभाग का विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने में अपनी प्रभावी भूमिका निभा सकें। पंचायती राज विभाग द्वारा राजस्थान मिशन-2030 के अंतर्गत विभागीय उपलब्धियों एवं विजन 2030 के सम्बन्ध में वीसी के माध्यम से समस्त हितभागियों का राज्यव्यापी आमुखीकरण एवं सेंसेटाइजेशन किया जाएगा। इसमें शामिल होने वाले ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज से जुड़े अधिकाधिक हितधारकों के सुझाव विजन 2030 डॉक्यूमेंट के लिए आमन्त्रित किये जाएंगे। मंगलवार को अपराह्न 3 बजे से शासन सचिवालय स्थित कांफ्रेंस रूम से होने वाले इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री रमेश चन्द मीना द्वारा की जाएगी। मीना राजस्थान मिशन 2030 के लिए सभी हितभागियों की भूमिका पर उद्बोधन देंगे।

चाकसू में खुलेगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन पंचकर्म

जयपुर। राज्य सरकार द्वारा जयपुर ग्रामीण जिले के चाकसू में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन पंचकर्म की स्थापना की जाएगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सेंटर के लिए 40 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इसकी स्थापना से पंचकर्म के क्षेत्र में अधिक उत्कृष्टता के साथ कार्य हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने बजट वर्ष 2023-24 में चाकसू में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन पंचकर्म खोले जाने के लिए घोषणा की थी। पूर्व में राज्य सरकार द्वारा जोधपुर में इंटरनेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन पंचकर्म के संचालन की स्वीकृति भी दे चुकी है।

राज्यपाल मिश्र ने दिए कलाकारों को प्रोत्साहन देने वाली गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश



जयपुर, (कासं.)।

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की विशेष बैठक सोमवार को राज्यपाल कलराज मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मिश्र ने केन्द्र के अंतर्गत कला मर्मज्ञों को जोड़ने, केन्द्र से कलाकारों को प्रोत्साहन देने वाली गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने जनजाति क्षेत्रों से जुड़े पारम्परिक कलाकारों, ग्रामीण हस्तशिल्प एवं दस्तकारी को प्रोत्साहन देते हुए कला क्षेत्र और कलाकारों की आजीविका के अवसर बढ़ाने का भी आह्वान किया। बैठक में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की निदेशक किरण सोनी गुप्ता ने सांस्कृतिक केन्द्र की गवर्निंग बॉडी, कार्यकारी परिषद, वित्त समिति, कार्यक्रम समिति आदि के अंतर्गत विभिन्न स्तरों पर सदस्यों की नियुक्ति और किए जाने वाले कार्यों के बारे में बताया। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव सुबीर कुमार और प्रमुख विशेषाधिकारी गोविन्दराम जायसवाल भी उपस्थित रहे।

लड्डू गोपाल जन्मोत्सव बनाया



जयपुर,(कासं.)।

लड्डू गोपाल जन्मोत्सव श्री बाबा बालक नाथ सेवा संस्थान एवं क्रेड़ाई राजस्थान द्वारा बनाया गया आयोजक रितु उमेश अग्रवाल ने बताया शुरुआत मुख्य संरक्षक स्वामी बालमुकुंद आचार्य जी द्वारा द्वीप प्रज्जवलन कर की गई ।मुख्य अतिथि पंकज ओझा,सुमन शर्मा ,अजय भूपेश एवं संरक्षक डॉ शोभा तोमर ,मीनाक्षी गुप्ता विशिष्ट अतिथि अशोक शर्मा ,नवल किशोर गुप्ता,कृतिका गुप्ता , अन्ना अशोक ,जया मनराल , विजय सिंह एवं टीम मेंबर रजनी दिनेश माथुर, पुखराज प्रजापति ,रेखा गोयल ,टीना सरिया, ,घनश्याम मुलानी, बसंत जैन ,विनोद जैन ,डॉ सरस्वती मित्तल, एडवोकेट ओपी गुप्ता, राधेश्याम अग्रवाल , रश्मि त्रिवेदी रहे। फोटोग्राफी दालेन्द्र तिवारी और अक्षित मित्तल द्वारा की गई । पूरे जयपुर से लगभग 60 लड्डू गोपाल आए सभी यशोदा मैया और नंद बाबा बनकर आए लोगों ने मिलकर 101 दीप प्रज्वलित किए, केक काटा, माखन मिश्री खिलाई और भक्ति मय माहौल में सबने अपने-अपने लड्डू गोपाल को रिझाने की कोशिश करी ।साथ ही हरियाली का संदेश देने के लिए सभी लोगों को पौधे वितरित किए गए।

पुलिस से संबंधित समस्या के त्वरित समाधान के लिए व्हाट्सअप या पोस्ट करें

जयपुर, (कासं.)।



सूचना एवं प्रौद्योगिकी के समय में समाज के हर वर्ग तथा उम्र के लोगों का जुड़ाव इंटरनेट,मोबाइल फोन तथा कम्प्यूटर के माध्यम से सोशल मीडिया से है। सोशल मीडिया के माध्यम से आमजन पुलिस से संबंधित समस्या के त्वरित समाधान के लिए हेल्पलाइन पर व्हाट्सअप 7300363636 या जयपुर पुलिस के ट्विटर (एक्स) हैंडल @jaipur_police पोस्ट कर सकते हैं। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर राहुल प्रकाश ने बताया कि इस व्हाट्सअप हेल्पलाइन एवं ट्विटर(एक्स) हैण्डल का उद्देश्य यह है कि आमजन का पुलिस से संबंधित समस्या का सामना होते ही इन पर सूचित कर सकें। उन्होंने बताया कि यह व्हाट्सअप हेल्पलाइन व पोस्ट हैण्डल पुलिस कमिश्नरेट के कंट्रोल रूम से 24 घंटे संचालित की जा रही है। इन पर आमजन पुलिस से संबंधित निराकरण योग्य समस्या को संप्रेषित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवश्यक होने पर समस्या, घटित घटनाक्रम एवं स्थान के विवरण का उल्लेख करने के साथ ही फोटो और वीडियो भी प्रेषित कर सकते है। इसमें भेजने वाले की पहचान गोपनीय रखी जायेगी।

बनाड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र होगा सैटेलाइट चिकित्सालय में क्रमोन्नत

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जोधपुर की मण्डोर पंचायत समिति के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बनाड को सैटेलाइट चिकित्सालय में क्रमोन्नत करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। यहां बेड्स क्षमता 30 से बढ़ाकर 50 की जाएगी। गहलोत ने बाड़मेर जिले की पंचायत समिति फागलिया स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नत करने स्वास्थ्य केन्द्र सेमलिया चौराहा व पंचायत समिति भैंसरोड़गढ़ के उप स्वास्थ्य केन्द्र आगरा को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नत करने की स्वीकृति भी दी है।

ग्राम सेवा सहकारी समितियों में खुलेंगे पेट्रोल पम्प

जयपुर, (कासं.)।



रजिस्ट्रार सहकारिता मेघराज सिंह रतनू ने सोमवार को बताया कि ग्राम सेवा सहकारी समितियों में पेट्रोल पम्प डीलरशिप के लिए पेट्रोलियम मंत्रालय ने नियमों में संशोधन किया है। ग्राम सेवा सहकारी समितियों द्वारा आवेदन करने पर पेट्रोल पम्प आवंटन में आरक्षण निर्धारित किया गया है। इससे अब ग्राम सेवा सहकारी समितियों में पेट्रोल पम्प डीलरशिप की राह आसान हुई है।

रतनू ने बताया कि इच्छुक ग्राम सेवा सहकारी समितियां डीलरशिप के लिए ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 27 सितम्बर, 2023 तक आवेदन कर सकती है। उन्होंने बताया कि राज्य की सभी ग्राम सेवा सहकारी समितियों को बहुउद्देशीय सेवा केन्द्रों में परिवर्तित किया जा रहा है। अब तक 5554 समितियों को ऑन बोर्ड कर दिया गया है। जिसके तहत ग्राम सेवा सहकारी समितिया लगभग 300 सेवाऐं ग्राम स्तर तक दे पाएंगी। उन्होंने बताया कि अब ग्राम सेवा सहकारी समितियां पेट्रोल पम्प, गैस एजेन्सी, जन औषधि केन्द्र, हवाई टिकट,बीमा एवं विभिन्न प्रकार के व्यवसाय कर सकेंगी। प्रदेश की समस्त पैक्स को कम्प्यूटराईज्ड किये जाने के लिए राज्य सरकार के सहयोग से हार्डवेयर एवं डिजिटाइलजेशन तथा सिस्टम इन्टीग्रेटर की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।

रतनू ने बताया कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत पर एक ग्राम सेवा सहकारी समिति का गठन हो। इसके लिए अभी तक 2007 नई ग्राम सेवा सहकारी समितियों का गठन किया जा चुका है। इन नई ग्राम सेवा सहकारी समितियों में 4 लाख से अधिक किसान जोड़े गये है।

संपत्ति की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना

तलवलकर्स बेटर वैल्यू फिटनेस लिमिटेड (परिसमापन में)

सीआईएन: L92411MH2003PLC140134

पंजीकृत कार्यालय: 801, महालक्ष्मी चैंबर्स, 22 भूलाभाई देसाई रोड, मुंबई – 400026

(दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 के तहत संपत्तियों की बिक्री)

आम जनता को सूचना दी जाती है कि परिसमापन में तलवलकर्स बेटर वैल्यू फिटनेस लिमिटेड (सीबीवीएफएल / कॉर्पोरेट देनदार) के अधोहस्ताक्षरी परिसमापक को माननीय राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, मुंबई, कोर्ट–IV (न्याय निर्णय प्राधिकरण / एनसीएलटी) द्वारा नियुक्त किया गया है। दिनांक 28.04.2022 के आदेश (परिसमापन आदेश) के तहत कॉर्पोरेट देनदार के स्वामित्व वाली और कॉर्पोरेट देनदार की परिसमापन संपत्ति का हिस्सा बनने वाली चल और अचल संपत्ति / परिसंपत्तियों (परिसंपत्तियों) को "जैसा है जहां है" के आधार पर ई–नीलामी के माध्यम से बेचने का इरादा है। जैसा कि आधार है", "जो कुछ भी आधार है" और "बिना किसी सहारा के आधार"। नीलामी के लिए रखी गई संपत्तियों की सूची https://ncltauction.auctiontiger.net पर उपलब्ध है। आम जनता को व्यक्तिगत रूप से या विधिवत अधिकृत एजेंट के माध्यम से बोली लगाने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

निविदा दस्तावेज / बोली जमा करने की अंतिम तिथि / समय	19 सितंबर 2023 सायं 5:00 बजे तक
जानकारी साझा करने और साइट विजिट की अंतिम तिथि	01 अक्टूबर 2023
ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि	03 अक्टूबर 2023
ई–नीलामी की तिथि	05 अक्टूबर 2023
ई–नीलामी का समय: विकल्प 4	सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक

आरक्षित मूल्य और बयाना राशि संबंधित संपत्ति के सामने नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित होगी। (कीमत भारतीय रुपये में)

विकल्प	संपत्ति का विकल्प विवरण पते के साथ	आरक्षित मूल्य	ईएमडी	बोली वृद्धिशील मूल्य
4.	कार्यालय क्रमांक 101, माप 6302 वर्ग फुट बलास ऑफ पर्ल में स्थित प्रथम तल पर निर्मित क्षेत्र का प्लॉट नंबर के–48–49, एल–5, 4, 3, इनकम टैक्स कॉलोनी, टोंक रोड जयपुर –302018 में स्थित है	3,11,90,400	31,19,040	10,00,000

नोट: ग्रेटर बॉम्बे के सिविल कोर्ट ने अपने आदेश दिनांक 27 अक्टूबर 2020 के माध्यम से कॉर्पोरेट देनदार के पंजीकृत पते को ग्राउंड फ्लोर, मंगल सिमरन, ऑफ टर्नर रोड, 20 वीं रोड बांद्रा पश्चिम, मुंबई –400050 में बदलने पर रोक लगा दी है।

बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई–नीलामी सेवा प्रदाता ई–प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (ऑक्शन टाइगर) के माध्यम से की जाएगी। बिक्री https://ncltauction.auctiontiger.ne और निम्नलिखित पर उपलब्ध प्रक्रिया ज्ञापन में निर्धारित नियमों और शर्तों के अधीन होगी:

1. संपत्तियों की सूची में निर्दिष्ट संपत्तियों का विवरण वास्तविक आधार पर परिसमापक के पास उपलब्ध सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है। यह स्पष्ट किया जाता है कि परिसमापक परिसंपत्तियों की स्थिति की सटीकता के संबंध में कोई प्रतिनिधित्व नहीं करता है।
2. यदि समापन समय के अंतिम 5 (पांच) मिनट के भीतर कोई प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो बोली का समय स्वचालित रूप से 5 (पांच) मिनट के लिए बढ़ा दिया जाएगा, नीलामी स्वचालित रूप से विस्तारित 5 (पांच) मिनट पर बंद हो जाएगी।

दिनांक: 04.09.2023
स्थान: मुम्बई

श्री गजेश लाभचंद जैन
तलवलकर्स बेटर वैल्यू फिटनेस लिमिटेड के परिसमापक के रूप में माननीय एनसीएलटी के आदेश दिनांक 28 अप्रैल, 2022 द्वारा नियुक्त किया गया

पता: सी–602, रेमी बिज़ कोर्ट, ऑफ वीरा देसाई रोड, आज़ाद नगर, अंधेरी वेस्ट, मुंबई –400053
पंजीकरण सं.:IBBI/IPA-001/IP-P-01697/2019-2020/12588 | एएफए वैधता: 19 / 10 / 2023
ईमेल: liquidation.tbvfl@gmail.com | संपर्क नंबर: +91-8451898835

भ्रम फैलानेवालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : डीएम

■ दोनों पर्वों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आप सभी शांति समिति के सदस्यों का सक्रिय सहयोग है आवश्यक : एसपी

■ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व चेहल्लुम त्योहार को शांतिपूर्ण तथा सौहार्द्र वातावरण में मनाने को ले डीएम ने की जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक



नवादा/संवाददाता। सोमवार को समाहरणाय स्थित डीआरडीए के सभागार में डीएम आशुतोष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में श्री कृष्ण जन्माष्टमी एवं चेहल्लुम त्योहार को शांतिपूर्ण तथा सौहार्द वातावरण में मनाने के लिए जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि दोनों पर्वो को शांतिपूर्ण ढ़ंग से सम्मन्न कराने के लिए आप सभी शांति समिति के सदस्यों का सक्रिय सहयोग आवश्यक है। आपका सहयोग हमलोगों को सबल बनाता है। जिले में 18 ताजिया का निर्माण होता है, जिसमें से 15 के द्वारा जुलूस निकाली जाती है। त्यौहार शांतिपूर्ण और सौहार्द वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए थाना, अनुमंडल और जिला स्तर पर 24 घंटे नियंत्रण कक्ष का संचालन होगा। डीएम श्री वर्मा ने कहा कि शांति और सौहार्द बातावरण के रास्ते से ही जिले का विकास होता है। विधि-व्यवस्था संधारण के लिए जिला प्रशासन के द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। उन्होंने कार्यपालक अभियंता विद्युत को निर्देश दिया कि जिन सड़कों से जुलूस निकाली जायेगी, वहां के विद्युत तार की उंचाई को सुव्यवस्थित करेंगे। कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को मेला स्थलों पर पेयजल की सुविधा और कार्यपालक पदाधिकारी को नगर की साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया गया। दोनों पर्वो को देखते हुए संवेदनशील और क्रियाशील रहने के लिए पदाधिकारियों को कई आवष्यक निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि थाना, अनुमंडल एवं जिला स्तर पर जिला नियंत्रण कक्ष 6 सितम्बर से 8 सितम्बर 2023 तक क्रियाशील रहेगा। अफवाह और भ्रम फैलाने वाले सोशल मीडिया पर भी जिला प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। मौके पर उपस्थित एसपी अम्बरीष राहुल ने कहा कि पर्व-त्योहार को शांतिपूर्ण ढ़ंग से आयोजित करने के लिए सभी पदाधिकारी संवेदनसील रहेंगे। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से अपील किया कि कंधा से कंधा मिलाकर सहयोग करें। दोनों पर्वो को शांतिपूर्ण और सौहार्द बातावरण में सम्पन्न कराने के लिए दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी के साथ-साथ काफी संख्या में सषस्त्र पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। शांति समिति के सदस्य जुलूस के समय शांति व्यवस्था कायम करने में अपेक्षित सहयोग करें। बताया गया कि आगामी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं चेहल्लुम त्योहार 2023 को शांतिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला परिषद अध्यक्षा पुष्पा कुमारी, मुख्य पार्षद नगर परिषद नवादा पिंकी कुमारी, अनवर भट्ट, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य अफरोजा खातुन, तनु अहमद, मो इकबाल, नारायण मोहन स्वामी, हरिकृपाल सिन्हा, विनय यादव, मसीह उद्दीन तथा वारिसलीगंज के विधायक प्रतिनिधि शैलेन्द्र सिंह ने कई महत्वपूर्ण और उल्लेखणीय सुझाव दिये। सदर एसडीओ अखिलेश कुमार तथा रजौली एसडीओ आदित्य कुमार पियूष ने अपने-अपने क्षेत्रों के ताजिया जुलूस और विधि-व्यवस्था संधारण के लिए अंचलाधिकारी और थानाध्यक्षों से फिडबैक प्राप्त किये। मौके पर अपर समाहत्र्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी डॉ कारी प्रसाद महतो, सदर एसडीओ अखिलेश कुमार, रजौली एसडीओ आदित्य कुमार पियूष, डीपीआरओ सत्येन्द्र प्रसाद, सदर एसडीपीओ उपेन्द्र प्रसाद, पकरीबरावां एसडीपीओ महेष चैधरी, रजौली एसडीपीओ पंकज कुमार तथा डीएसपी रक्षित मदन कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

एक झलक

कल बारिश के साथ-साथ मेघ गर्जन व वज्रपात की आशंका

औरंगाबाद/सं.। मौसम पूर्वनुमान के अनुसार आगामी पाँच दिनों का दिनाँक 5, 6, 7, 8 & 9 सितम्बर 2023 को अधिकतम तापमान 33, 31, 32, 33, & 34 डिग्री सेल्सियस एवं न्यूनतम तापमान 26, 25, 26, 26.5 & 27 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। धान के खेतों में मेड़बन्दी करके रखे जिससे बारिश का पानी खेतो में रहे।मौसम खराब होने पर अपने एवम पशुओं को भी बाहर निकले से परहेज करें। सब्जियों में जलजमाव के स्थिति होने पर उचित जलनिकासी का प्रबंध करें।मौसम साफ होने पर ही फसलो में किसी प्रकार के दवा का छिड़काव करें।

मनरेगा प्रोजेक्ट मैनेजर को दी गयी विदाई

वारिसलीगंज/नवादा/सं.। प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा भवन में सोमवार को कार्यक्रम आयोजित कर मनरेगा के कार्यक्रम पदाधिकारी मनोज कुमार के तबादला बाद कर्मियो द्वारा समारोह पूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर नव नियुक्त परियोजना पदाधिकारी पंकज कुमार ने कार्यभार संभाले। आयोजित विदाई समारोह में विदा ले रहे मनोज कुमार ने कहा कि वारिसलीगंज के आमलोगों के साथ जनप्रतिनिधियों तथा सामाजिक कार्यकताओं का भरपूर सहयोग से अपने कार्यो का निष्पादन कर सका। यहां के लोग हमेशा याद आते रहेंगे। लोगों ने विदा ले रहे पीओ को फूल माला एवं अंग बस्त्र आदि देकर सम्मानित किया। मौके पर मनरेगा के बीएफटी ललन कुमार, एकाउंटेंट अवधेश कुमार, पीआरएस नीतीश कुमार, राजेंद्र प्रसाद ति दिग्विजय कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

शोकसभा आयोजित

वारिसलीगंज/नवादा/सं.। अपसढ पंचायत की पूर्व सरपंच कमला देवी के निधन से प्रखंड क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। सोमवार को वरीय नागरिक संघ द्वारा तुमड़िया बाबा भवन में शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वरीय नागरिक संघ के प्रखंड अध्यक्ष श्याम सुंदर दुबे की अध्यक्षता में आयोजित शोकसभा में हाजीपुर पैक्स अध्यक्ष सुंदर प्रसाद कुशवाहा, अनिल यादव, केदार सिंह, नरेश सिंह तथा रामसेवक सिंह आदि ने मृतक के फोटो पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सभा को संबोधित करते हुए संघ के सदस्यों ने स्व कमला देवी को नेक दिल इंसान और सामाजिक कार्यों में पति मुखिया राजकुमार सिंह के साथ बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाला बताया।

शराब कारोबारी गिरफ्तार व वाहन जब्त

औरंगाबाद/सं.। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिले के पुलिस एवं मध्यनिषेध विभाग द्वारा के छापामारी अभियान लगातार जारी है फिर भी कारोबारी अपने हरकत से बाज नहीं आ रहे। इसी क्रम में छापामारी के दौरान नवीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नाउड़ से अरुण कुमार उम्र 28 वर्ष पिता कमलेश सिंह ग्राम महादी थाना ओबरा जिला औरंगाबाद को 41 कार्टून देसी टनाका शराब झारखंड निर्मित प्रति कार्टून 48 बोतल कुल-1968 बोतल कुल मात्रा 354.24 लीटर तथा एक मारुति सुजुकी उजाला रंग कार रजिस्ट्रेशन नंबर वढ65अख-0504 के साथ गिरफ्तार किया गया। नवीनगर थाना कांड संख्या 356/23 दिनांक 4/9/23 धारा 30 (ं) बिहार मध्य निषेध उत्पाद संशोधित अधिनियम 2018 दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। वहीं नवीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेनी बीघा से सुनील कुमार उम्र 35 वर्ष पिता कपिल देव राम ग्राम शंकरपुर थाना जम्होर जिला औरंगाबाद को एक बोतल कळडठक्द हल्क्ळए अंग्रेजी शराब मात्र 750' बैच नंबर-002/छ1 के साथ नशे के हालात में तथा एक होंडा अमेज कार काला रंग का रजिस्ट्रेशन नंबर इफ01ए -6195 के साथ गिरफ्तार किया गया। रेफरल अस्पताल नबीनगर मे शराब पीने की पुष्टि के बाद थाना लाया गया। नवीनगर थाना कांड संख्या 355/23 दिनांक 4/9/23 धारा 30 (ए) बिहार मध्य निषेध उत्पाद (संशोधित) अधिनियम 2018 एवं 37 बिहार मध्य निषेध उत्पाद (संशोधित) अधिनियम 2022 विरुद्ध गिरफ्तार अभियुक्त सुनील कुमार को गिरफ्तार किया गया तथा जप्त गाडी होंडा अमेज रजिस्ट्रेशन नंबर के अनुसार स्वामी के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कर आगे में कार्रवाई की जा रही है।

प्रखंड पदाधिकारी कार्यों में लाएं तेजी : अपर समाहर्ता

औरंगबाद/संवाददाता। अपर समाहर्ता, मनोज कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में सभी विभागों का समन्वय सह फॉलो अप बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं अन्य प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में अपर समाहर्ता द्वारा सभी अंचल अधिकारी को सभी लंबित उहखउ/टखउ में प्रति शपथ तैयार कर यथाशीघ्र विधि शाखा में अनुमोदन हेतु उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। अपर समाहर्ता द्वारा सभी अंचल अधिकारी से मत्स्य के बिक्री तथा पशु मेला के लिए स्थल को चिन्हित कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने की मांग की गई। सभी प्रखंड पदाधिकारी को जाति आधारित गणना को लेकर तेजी बरतने हेतु तथा आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वोटर लिस्ट में ध्यान पूर्वक मृत व्यक्तियों का नाम न जोड़ने कीसलाह दी गई। लोक शिकायत के मामले देव, बारुण एवं रफीगंज में अधिक लंबित पाए गए जिसे यथाशीघ्र निष्पादित करने का दिशा निर्देश दिया गया। अपर समाहर्ता द्वारा सभी अंचल अधिकारी को हिट एंड रन के जो भी मामला लंबित हैं , उन्हें अतिशीघ्र एवं नए मामलो को एक सप्ताह के भीतर निष्पादित कराए जाने का निर्देश दिया गया।

उपभोक्ता आयोग ने बीमा कंपनी पर लगाया जुर्माना

नवादा/संवाददाता। जिला उपभोक्ता विवाद आयोग ने चोला मंगलम बीमा कम्पनी के पटना स्थित वरीय प्रबंधक को सेवा में त्रुटी का दोषी करार देते हुए जुमार्ना सहित वाहन क्षतिपूर्ति राषि का भुगतान करने का आदेष जारी किया है। जानकारी के अनुसार काषीचक थाना क्षेत्र के बाली निवासी मथुरा प्रसाद ने इन्साइन्ड बैंक से कर्ज लेकर ट्रक खरीदा था। खरीदी गई वाहन का बीमा चोला मंगलम बीमा कम्पनी से कराया गया था। बीमा अवधि के दौरान 27 फरवरी 2018 को उक्त् वाहन शेखपुरा जिला अंतर्गत अम्बारी गांव के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उक्त वाहन को मरम्मत कराने में 9 लाख 60 हजार 650 रुपए खर्च हुए, किन्तु बीमा कम्पनी ने उक्त राषि का भुगतान करने से इंकार किया तथा क्षतिपूर्ति के रूप में केवल 56 हजार रुपये का भुगतान वाहन स्वामी को किया। बीमा कम्पनी के सेवा से नाखुष होकर वाहन स्वामी ने उपभोक्त आयोग के समक्ष वाद दायर कर न्याय की गुहार लगाई। आयोग के अध्यक्ष राज कुमार प्रसाद तथा सदस्य मिथिलेष कुमार ने उभयपक्षों के अधिवक्ताओं की दलीलें को सुनने के बाद यह पाया कि बीमा कम्पनी ने क्षतिग्रस्त वाहन का मूल्यांकन के लिए कोई सर्वेयर नियुक्त नहीं किया। वाहन को मरम्मत कराने में हुए खर्च का विपत्र आवेदक के द्वारा दाखिल किया गया। आयोग ने वाद को स्वीकार करते हुए बीमा कम्पनी को सेवा में दोषी पाया तथा वाहन क्षतिपूर्ति राशि 9 लाख 60 हजार 650 रुपए का भुगतान करने का आदेष बीमा कम्पनी को दिया साथ ही मानसिक व आर्थिक क्षतिपूर्ति के रूप में 30 हजार रुपए का भी भुगतान करने का आदेश दिया।

डीएम ने जागरुकता रथ किया रवाना

औरंगाबाद/संवाददाता। जिला पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में समाहरणालय परिसर से जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण/जिला प्रशासन के सौजन्य से जिले में डूबने से होने वाली घटनाओं एवं ठनका की घटनाओं को न्यून करने के लिए दो एलईडी रथ बज्रपात सुरक्षा रथ एवं डूबने से बचाव हेतु सुरक्षा रथ को अपर समाहर्ता सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, डीडीएमए, सहायक समाहर्ता कुमार गौरव, आपदा प्रभारी कृष्ण कुमार एवं जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश कुमार दास के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यदि आपदा की दृष्टि से देखा जाय तो यह जिला प्राकृतिक आपदा के साथ साथ मानवजनित आपदाओं की घटनाएं निरंतर घटती रहती है और जिला इससे प्रभावित रहता है। इसी उद्देश्य से आमजन को जागरूक करने हेतु रथ का परिचालन किया जा रहा है। ये दोनो रथ एक प्रखंड में तीन दिनों तक भ्रमण करेगा जो ग्रामों, हाट बाजार, चौक चौराहों पर एलईडी एवं ऑडियो के माध्यम से वीडियो का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही अपर समाहर्ता के द्वारा बताया गया की रथ विद्यालयों में भी जाकर वीडियो का प्रदर्शन करेगा ताकि विद्यार्थी भी यदि घर जाएं तो अपने परिवार को आपदाओं से बचाव एवं सुरक्षा के उपायों से अवगत कराए जिससे लोगों की जान बच सके।इस दौरान यह भी बताया गया कि फिल्म में यह भी दशार्या गया है कि डूब रहे व्यक्ति को कैसे निकाला जा सकता है तथा बाहर निकालने के बाद कैसे उसका सीमित उपलब्ध संसाधनों से कैसे जान बचाई जा सकती है। इसके अतिरिक्त आमजनो से अपील किया गया कि इन सुरक्षा रथों पर प्रदर्शित संदेश को ध्यान से देखें, समझें व अमल में लाएं।

सरपंच संघ ने मांगों को लेकर आंदोलन किया तेज

पकरीबरावां/नवादा/सं.। 11 सूत्री मांगों को लेकर पंच-सरपंच संघ की पकरीबरावां प्रखंड इकाई द्वारा मंगलवार 5 सितम्बर को धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। प्रखंड कार्यालय पर सुबह 11 बजे से धरना दिया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए पंच-सरपंच संघ के प्रखंड सचिव सह मीडिया प्रभारी इंद्रजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर मंगलवार को ग्राम कचहरी के सदस्यों यथा पंच-सरपंच के 11 सूत्री मांगों को लेकर प्रखंड कार्यालय पर विशाल धरना-प्रदर्शन का आयोजन 11 बजे से होगा। धरना के माध्यम से संघ सरकार से अपनी मांग रखेगी। प्रखंड अध्यक्ष दामोदर पासवान, सरपंच प्रतिनिधि कृष्णा कुमार, पूर्व सरपंच परमेश्वर यादव आदि ने सभी पंच-सरपंच से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

सभी वार्डो में सोलर लाइट लगाने का कार्य शुरू

वारिसलीगंज/नवादा/सं.। प्रखंड क्षेत्र के मकनपुर पंचायत के सभी 15 वार्ड में सोलर लाईट लगाने का कार्य शुरू किया गया है। सोमवार को पंचायत के मसूदा गांव में मुखिया प्रतिनिधि नवलेश कुमार किरण ने कार्य का शुभारंभ किया। बताया गया कि पंचायत के सभी वार्डो में सोलर से जलने वाली लाईट लगाकर चकाचक किया जाएगा। प्रथम चरण में पंचायत के चार वार्ड का चयन किया गया है। सम्बंधित वार्ड के चैक चैराहे व अंधेरा वाले स्थान पर सोलर लाईट लगाया जा रहा है। लगाई जा रही सोलर लाइट शाम 6 बजे शाम से स्वतः चालू हो जाएगी और सुबह सूर्य की रोशनी पड़ते ही स्वत बंद हो जाएगी। एक वार्ड में अधिकतम 10 सोलर लाईट लगाने की योजना है। बता दें कि पंचायत के लगभग सभी वार्डो में बिजली चालित लाइट पूर्व से लगी हुई है।

शिक्षक दिवस आज, शिक्षण संस्थानों में उल्लास का माहौल

■ शिक्षक ही हर इनसान को अच्छी शिक्षा देता है और हर चुनौतियां में लड़ना सिखाता है

■ देश के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनेगा



नवादा। भारत में पांच सितम्बर का दिन बहुत ही खास होता है। स्कूल हो या कॉलेज या फिर अन्य षिक्षण संस्थान सभी जगह उल्लास का माहौल होता है, ज्ञान का दीप जलाकर अषिक्षा रूपी कलंक जैसे अंधेरा मिटाने का। 5 सितम्बर यानी षिक्षक दिवस के रूप में पूरे देष में मनाया जाता है। कहा गया कि हमारे देष में गुरू को भगवान से भी उपर का दर्जा दिया गया है, कारण एक षिक्षक ही हर इंसान को अच्छी षिक्षा देता है और हर चुनौतियां में लड़ना सिखाता है। माता-पिता के बाद एक षिक्षक ही होता है, जो हमारी भलाई के लिए हमें डांटता है, बावजूद कभी अपने छात्रों के लिए बुरा नहीं चाहता है। ऐसे में षिक्षकों को सम्मान देते हुए भारत में 5 सितम्बर को षिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस तारीख के पीछे विषेष कारण है, इसी दिन वर्ष 1888 को भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म हुआ था, वे दूसरे राष्ट्रपति होने के अलावा पहले उप राष्ट्रपति, एक दार्षनिक, प्रसिद्ध विद्वान, भारत रत्न प्राप्तकत्रा, भारतीय सांस्कृतिक के संवाहक, षिक्षविद् और हिन्दू विचारक थे। उनका मानना था कि षिक्षा के प्रति सभी को समर्पित रहना चाहिए, सीी को निरंतर सीखने की प्रवृति बनी रहनी चाहिए। जिस व्यक्ति के पास ज्ञान और कौषल दोनों है, उनका कोई न कोई मार्ग खुला रहता है। ऐसे में इस दिन को मनाने का महत्व और ज्यादा बढ़ जाता है। डॉ राधाकृष्णन ने सम्पूर्ण विष्व को एक विष्वविद्यालय के रूप में देखा था। उनका मानना था कि षिक्षा के माध्यम से ही मानव मस्तिष्क का सही उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने इस दृष्टिकोण के साथ यह भी कहा कि पूरे विष्व में षिक्षा के प्रबंधन को एक ही इकाई के रूप में देखना चाहिए। राष्ट्र के निर्माण में षिक्षकों की भूमिका को वह महत्वपूर्ण मानते थे। डॉ राधाकृष्णन का प्रारंभिक जीवन आर्थिक चुनौतियों से भरा रहा, परंतु उन्होंने इसका डटकर सामना किया। आज तकनीक के इस दौर में गुरु-शिष्य की परंपरा बदल गई है। गुरु भी कुछ बदले हैं और छात्र भी कुछ बदले हैं, फिर भी दोनों के बीच का रिश्ता बहुत नहीं बदला है। पढ़ाई में किताबें आएंगी तो गुरु भी आएंगे ही, लेकिन जिंदगी की किताब को पढ़ाने वाले गुरुओं का सम्मान पहले भी था, आज भी है और आगे भी रहेगा, क्योंकि हर अंधेरे से निकलने के लिए रोशनी तो वही दिखाते हैं।

अधिक से अधिक लोगों तक कराएं नोटिस प्रेषित : जज

■ न्यायिक पदाधिकारियों के साथ की बैठक

औरंगाबाद/संवाददाता। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में आगामी 9 को आयोजित होन वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार के सचिव प्रणव शंकर द्वारा अपने प्रकोष्ठ में सभी अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, अनुमण्डलीय न्यायिक दण्डाधिकारी तथा सभी न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी के साथ बैठक कर उनके द्वारा अपने-अपने न्यायालय स्तर से की गयी तैयारियों का जायजा लिया तथा कहा गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मात्र पांच दिन का समय रह गया है जिसके लिए आवश्यक है कि अपने-अपने न्यायालय से अबतक प्रेषित किये गये नोटिस के आलोक में सभी अभिलेख का अपने स्तर से अवलोकन करें जिससे कि राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों का निस्तारण त्वरित गति से हो सके। बैठक में सभी न्यायिक पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर किये गये कार्य से सचिव को अवगत कराते हुए कहा गया कि न्यायालय द्वारा बड़े पैमाने पर नोटिस तैयार कराते हुए सम्बन्धित पक्षकारों को तामिला कराने हेतु कार्रवाई की गयी है जिसका प्रतिफल ज्यादा से ज्यादा राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से वादों के निस्तारण में मिलने की संभावना है। सचिव द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत 05 दिनों का मात्र समय रह गया है ऐसी परिस्थिति में अधिक से अधिक लोगो तक नोटिस प्रेषित करने की कार्रवाई सुनिश्चित कर लिया जाए। इस बैठक में राजेश सिंह, योगेश कुमार मिश्रा, शोभित सौरभ, निधि जायसवाल, ओम प्रकाश नारायण सिंह तथा अन्य न्यायिक पदाधिकारी ने अपने-अपने न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर अद्यतन स्थिति से सचिव को अवगत कराया।

समाहरणालय, सिमडेगा।
(पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)
सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–427/ दिनांक–01.09.2023 एवं विभागीय अधिसूचना सं0–03/ दिनांक–11.03.2023 के द्वारा झारखण्ड राज्य के वैसे ''क्रीड़ा प्रशिक्षक''जिन्होंने अन्तराष्ट्रीय/भारतीय ओलम्पिक संघ से मान्यता प्राप्त खेल प्रतियोगिताओं खिलाड़ियों/टीम को उपलब्धि दिलायी हो और जो झारखण्ड राज्यका प्रतिनिधित्व करते हों को उनकी उपलब्धि के आधार पर नकद पुरूस्कार राशि दिये जाने हेतु राशि एवं मानक पुनर्निर्धारित है।

विभागीय संकल्प में उल्लेखित प्रावधानों के तहत नकद पुरूस्कार राशि/सम्मान राशि प्राप्त करने का अहर्त्ता रखते हों वैसे अहर्त्ताधारी''क्रीड़ा प्रशिक्षक''अपना आवेदन विहित प्रपत्र–पत्र में पूर्ण रूप से भरकर दिनांक–05/09/2023 तक जिला खेल पदाधिकारी के कार्यालय, सिमडेगा, में 3:30 बजे अपराह्न तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायें।

नोटः– आवेदन का प्रपत्र एवं इससे विस्तृत जानकारी **simdega.nic.in** पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला क्रीड़ा पदाधिकारी,
सिमडेगा।

PR 306097 Simdega(23-24)D

Govt. of Jharkhand
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department
Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002
e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in

e-Procurement very Short Notice

e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/**50**/23-24 Dated **02.09.2023**

1-	Name of Work	Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report (DPR) for Construction of H.L. bridge over Damodar river at Giddi – Bhurkunda road in Ramgarh District in the state of Jharkhand. including its approaches, Land Acquisition Proposal including ownership details, Resettlement and Rehabilitation Proposal and Forest Diversion Proposal with clearance of all stages etc as required, in the state of Jharkhand. from Consultant's empanelled in Category-II with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no-3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid.
2-	Tentative Length of Work	250 m,
3	Work completion time	60 Days
4	Date and Time of Publishing of Tender on official website	05.09.2023, 05.00 PM
5-	Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fe e and EMD)	12.09.2023, 12.30 PM
6-	Date and Timing of Bid opening	13.09.2023, 12.30 PM
7-	Tender Inviting Authority	Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi-834002, Mobile No-9431591027
8-	Bid Submission Address	Chief Engineer (Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No-2, Dhurwa,Ranchi-834004
9-	Mode of Bid Submission	e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in)

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division, A.P
Road Construction Department, Ranchi

PR 306157 Road (23-24)_D

सोलर जलमीनार की स्थापना हेतु कोटेशन
आमंत्रण सूचना

SUPPORT, झारखंड द्वारा राज्य के कोडरमा जिले के चंदवारा प्रखंड में HDFC BANK प्रायोजित HRDP परियोजना हेतु सोलर अधिरित जल मिनार की स्थापना की जानी है। जिसके लिए इच्छुक विक्रेता/Agency अपना कोटेशन सीलबंद लिफाफा अथवा ई–मेल द्वारा दिनांक 07.09.2023 शाम 5:30 बजे SUPPORT, हजारीबाग कार्यालय DVC COLONY के पते पर जमा कर सकते हैं। नियम शर्त एवं अन्य विवरण बेवसाईट www.supportjharkhand.org पर उपलब्ध है।

निम्नलिखित की सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना
तलवॉलकर्स बेटर वैल्यू फिटनेस लिमिटेड (परिसमापन में)
CIN: L92411MH2003PLC140134
पंजीकृत कार्यालयः 801, महालक्ष्मी चेम्बर्स, 22 भुलाबाई देसाई रोड, मुंबई-400 0026
(दिवालिया एवं ऋण अशोधन संहिता, 2016 के अधीन सम्पत्तियों की बिक्री)

एतद्द्वारा आम जनता को सूचना दी जाती है कि माननीय राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, मुंबई, न्यायालय-IV (**न्यायकर्ता प्राधिकारी/एनसीएलटी**) के आदेश दिनांकित 28.04.2022 (**परिसमापन आदेश**) के मार्फत नियुक्त तलवॉलकर्स वेटर वैल्यू फिटनेस लिमिटेड (**टीबीवीएफएल/निगमित कर्जदार**), *परिसमापन में*, के अधोहस्ताक्षरी परिसमापक **"जैसे है जहां है के आधार पर", "जैसे है जो है के आधार पर"** तथा **"वहां जो कुछ भी है के आधार पर"** तथा **"बिना किसी दायित्व के आधार पर"** के आधार ई-नीलामी के जरिए निगमित कर्जदार द्वारा स्वत्वाधिकार प्राप्त चल तथा अचल सम्पत्ति/परिसम्पत्तियों (**सम्पत्तियां**) तथा निगमित कर्जदार के परिमापन परिसम्पदा के हिस्से वाली सम्पत्तियों की बिक्री करना चाहते हैं। नीलामी के लिए रखी जाने वाली सम्पत्तियों की सूची https://ncltauction.auctiontiger.net पर उपलब्ध है। आम जनता को व्यक्तिगत रूप से अथवा अपने भलीभांति अधिकृत एजेंट के जरिए बोली लगाने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

निविदा दस्तावेज/बोली जमा करने की अंतिम तिथि/समय	19-09-2023 को अप. 5.00 बजे तक
जानकारी साझा करने तथा स्थल निरीक्षण की अंतिम तिथि	01-10-2023
ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि	03-10-2023
ई-नीलामी की तिथि	05-10-2023
नीलामी का समयः विकल्प 3	पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 1.00 बजे तक

आरक्षित मूल्य एवं बयाना राशि जमा नीचे उल्लेखित सारणी में संबंधित सम्पत्तियों के समक्ष किए गए वर्णन के अनुसार होगी: (मूल्य रु. में)

विकल्प	सम्पत्तियों का विवरण साथ में पता	आरक्षित मूल्य	ईएमडी	बोली वृद्धि रकम
3.	मॉं लक्ष्मी प्लाजा, पहली मंजिल, बसंत विहार, सहजानंद चौक, हरमू, रांची झारखण्ड-834012 में स्थित 4186 वर्ग फीट परिमाप के बिल्ट अप एरिया वाला परिसर	2,53,42,200	25,34,220	10,00,000

टिप्पणी: ग्रेटर बाम्बे के दीवानी न्यायालय ने अपने आदेश दिनांकित 27 अक्टूबर, 2020 के जरिए निगमित कर्जदार के पंजीकृत पते को भूतल, मंगल सिमरन, ऑफ टर्नर रोड, 20th रोड बांद्रा वेस्ट, मुंबई-400050 में बदलाव करने पर रोक लगा दी है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-नीलामी सेवा प्रदाता यानी ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजिस लिमिटेड (**ऑक्शन टाइगर**) के जरिए बिक्री की जाएगी। बिक्री https://ncltauction.auctiontiger.net पर उपलब्ध प्रक्रिया ज्ञापन में निर्धारित नियम एवं शर्तों तथा नीचे उल्लेखित शर्तों के अनुसार की संचालित की जाएगी:

1. प्रामाणिकता के आधार पर परिसमापक के पास उपलब्ध सर्वश्रेष्ठ जानकारी के अनुसार सम्पत्तियों की सूची में निर्दिष्ट निगमित कर्जदार के विवरण प्रस्तुत किया गया है। यह स्पष्ट किया जाता है कि परिसमापक ने सम्पत्तियों की स्थिति की शुद्धता के संबंध में कोई भी अभ्यावेदन नहीं करता है।
2. बंद होने के समय के अंतिम 5 (पांच) मिनट के अंदर अगर कोई प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो बोली लगाने का समय स्वतः ही अगले 5 (पांच) मिनट के लिए विस्तारित हो जाएगा, विस्तारित 5 (पांच) मिनट पर नीलामी स्वतः ही बंद हो जाएगी।

तारीखः 04/09/2023
स्थानः मुंबई

श्री गजेश लाभचंद जैन
तलवॉलकर्स बेटर वैल्यू फिटनेस लिमिटेड के परिसमापन के रूप में माननीय एनसीएलटी के आदेश दिनांकित 28 अप्रैल, 2022 के मार्फत
पंजी. सं.: IBBI/IPA -001/IP-P-01697/2019-2020/12588 । एएफए वैधताः 19/10/2023
पताः सी-602, रेमी बिज कोर्ट, ऑफ वीरा देसाई रोड, आजाद नगर, अंधेरी वेस्ट, मुंबई-400053
ईमेलः liquidation.tbvfl@gmail.com । सम्पर्क नं.: +91-8451898835

जना स्मॉल फाइनैंस बैंक
(एक अधिसूचित वाणिज्यिक बैंक)
मुख्यालयः दि फेयरी, भूतल एवं पहली मंजिल,
सर्वे नं.: 10/1, 11/2 एवं 12/2बी, ऑफ डोलमुर, कोरामंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के आगे, छल्लाघाटा, बंगलोर-560071

स्वर्ण आभूषणों की नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना

कई बार स्मरण कराए जाने के वाबजूद नीचे उल्लेखित कर्जदारों ने निर्धारित समय के अंदर ऋण की रकम चुकता करने तथा स्वर्ण आभूषणों को मुक्त कराने में विफल हो चुके हैं। नीचे सूचीबद्ध कर्जदारों द्वारा संबंधित ऋण खातों के अधीन गिरवी पर रखे गए स्वर्ण आभूषणों/जेवरातों को हमारे शाखा परिसर में **दिनांक 11-09-2023 को सुबह 10.30 बजे** सार्वजनिक/ऑन लाइन/निजी नीलामी के जरिए बिक्री की जाएगी। नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों से शाखा से सम्पर्क करने का अनुरोध किया जाता है। बैंक के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी बोली को स्वीकार अथवा रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है। कृपया ध्यान दें कि उसी दिन नीलामी के सम्पन्न नहीं होने पर उसे अगले दिन समान नियम एवं शर्तों के आधार पर जारी रखा जाएगा। ग्राहक के देहांत होने की स्थिति में नीलामी से संबंधित सभी शर्तें उनके नोमिनी/वैध उत्तराधिकारी के लिए लागू होगी। एतद्द्वारा कर्जदारों को नीलामी की तारीख से पहले अद्यतन ब्याज तथा आनुषंगिक व्यय का भुगतान करने के लिए अधिसूचित किया जाता है, अन्यथा गिरवी पर रखे गए स्वर्ण आभूषणों की बिक्री कर दी जाएगी तथा शेष बकाया रकम, यदि कोई हो, ब्याज तथा लागत के साथ वसूली जाएगी। किसी भी तरह के प्रश्न तथा नियम एवं शर्तों के लिए शाखा से सम्पर्क करें। शाखा के पते के विवरण के लिए **www.janabank.com** देखें।

क्र. सं.	ऋण खाता सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम	गिरवी पर रखे गए स्वर्ण आभूषण का सकल वजन
1	33088740001291	प्रीति कुमारी	44.6
2	33088740001302	नवीन सिंह	17.7
3	33088740001380	अनिल कर्मकार	10.32
जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लि., पहली मंजिल, गीता टावर्स, कासीडीह, न्यू बड़द्वारी, बासीडीह लाइन नं. 1, साकची, जमशेदपुर-831001			
4	45298740000643	पप्पू गुप्ता	13.42
जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लि., पहली मंजिल, प्लॉट नं. 735 से 737, होल्डिंग नं. 426/96 एवं 97, "सावित्रि अपार्टमेंट", शास्त्री नगर, बैंक मोड़, झरिया रोड, धनबाद-826001, भारत			
5	45308730012086	सोनी देवी	4.62
6	45308740000615	निलोफर परवीन	13.09
जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लि., पहली मंजिल, एमआर. कॉम्पलेक्स, डोमिनोज पिज्जा के ऊपर, इंद्रापुरी चौक, पेपर हाउस के विपरीत, हजारीबाग-825301, भारत			
7	45318730001860	ओम प्रकाश पाण्डे	10.2
8	45318730001899	अभिषेक दास	12.2
9	45318740000988	अक्षय सिन्हा	15.56
जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लि., भूतल, स्वामी बिल्डिंग, विष्टूपुर मेन रोड, राम मंदिर के विपरीत, हीरो शोरूम के बगल में, जमशेदपुर-831001, भारत			

स्थानः झारखण्ड
तारीखः 05.09.2023

हस्ता/- अधिकृत अधिकारी
जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड

आरएसडी फाइनैंस लिमिटेड
CIN : L17222JH1963PLC013316
पंजीकृत कार्यालयः मकान नं. 4, दि एलकॉर होटल, रामदास भट्टा, जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम, झारखण्ड-831001 वेबसाइटः www.rsdfinancelimited.com
ईमेलः rsdfinance.ltd@gmail.com, दूरभाष सं. +91 7280009199

आरएसडी फाइनैंस लिमिटेड की 60वीं वार्षिक साधारण बैठक की सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि **आरएसडी फाइनैंस लिमिटेड** (कंपनी) की 60वीं वार्षिक साधारण बैठक **शनिवार, 30 सितम्बर, 2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे** (भामास) प्रोफेशनल-I, दि एलकॉर होटल, दूसरी मंजिल, मकान नं. 4, रामदास भट्टा, बिष्टूपुर, जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम, झारखण्ड-831001 में आयोजित होगी।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के साथ पठित कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20, समय-समय पर यथा संशोधित, सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं तथा प्रकटन आवश्यकता) विनियमन, 2015 के विनियम 44 (सूचीकरण विनियम) तथा साधारण बैठक पर सचिविक मानक II के प्रावधानों के अनुसार कंपनी अपने सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वार्षिक साधारण बैठक (एजीएम) में चर्चा किए जाने वाले प्रस्तावित मुद्दों पर अपने वोटाधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान करते हुए हर्षित है। अंतिम तारीख यानी शनिवार, 23 सितम्बर, 2023 (अंतिम तारीख) को भौतिक प्रारूप अथवा इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में शेयर धारण रखने वाले कंपनी के सदस्यगण रिमोट ई-वोटिंग के जरिए अपने वोट डाल सकते हैं।

कंपनी ने संचार के उद्देश्य से अन्य विषयों के साथ कंपनी की 60वीं वार्षिक साधारण बैठक की सूचना, जिसमें रिमोट ई-वोटिंग की प्रक्रिया तथा प्रारूप का उल्लेख है के साथ उपस्थित पर्ची तथा प्रॉक्सी प्रपत्र उन सभी सदस्यों को भेजने का कार्य पूरा कर लिया है जिनके ईमेल आईडी कंपनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंटों के पास पंजीकृत है। एजीएम की सूचना के साथ वार्षिक प्रतिवेदन तथा ई-वोटिंग का विवरण कंपनी की वेबसाइट **www.rsdfinancelimited.com** तथा नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की वेबसाइट **www.evoting.nsdl.com** तथा बीएसई लिमिटेड (**www.bseindia.com**) पर भी उपलब्ध है। जिन सदस्यों को सूचना प्राप्त नहीं हुई है वे उसे ऊपरोक्त वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

वार्षिक साधारण बैठक के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 तथा सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 42 के प्रावधानों के मद्देनजर कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर तथा शेयर अंतर बहियां 23 सितम्बर, 2023 से 30 सितम्बर, 2023 तक (दोनों दिस सहित) बंद रहेगी।

एजीएम स्थल से अलग अन्य किसी भी स्थान से (रिमोट ई-वोटिंग) इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली के प्रयोग के जरिए सदस्यों द्वारा वोट डालने की सुविधा नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) द्वारा प्रदान की जाएगी। रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा नीचे उल्लेखित अवधि के दौरान उपलब्ध रहेगी:

- **रिमोट ई-वोटिंग आरम्भः मंगलवार, 26 सितम्बर, 2023 को सुबह 09.00 बजे (भामास)**
- **रिमोट ई-वोटिंग समाप्त : शुक्रवार, 29 सितम्बर, 2023 को आपराह्न 05.00 बजे (भामास)**

29 सितम्बर, 2023 को अपराह्न 5.00 बजे के उपरांत इलेक्ट्रॉनिक तरीके से ई-वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा उपरोक्त अवधि की समाप्ति पर एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई-वोटिंग प्रारूप निशाक्त कर दिया जाएगा।

कोई भी शेयरधारक जो भौतिक प्रारूप में शेयर धारण रखते हैं अथवा गैर-व्यक्तिगत शेयर धारक जो सूचना भेजे जाने के उपरांत कंपनी का शेयर अधिग्रहण किया है एवं कंपनी के सदस्य बनते हैं तथा अंतिम तारीख यानी शनिवार, 23 सितम्बर, 2023 को शेयर धारण रखते हैं ई-मेल के जरिए निम्नलिखित पर अनुरोध भेज कर यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं:-

क) एनएसडीएल के पास **evoting.nsdl.com** पर
ख) अथवा जारीकर्ता/आरटीए के पास **skcdilip@gmail.com** पर
ग) अथवा कंपनी सचिव/अनुपालन अधिकारी के पास **rsdfinance.ltd@gmail.com** पर
अपने फोलियो नं. /डीपी आईडी एवं क्लाइंट आईडी सं. का उल्लेख करना होगा।

बैलट पेपर के जरिए वोट डालने की सुविधा एजीएम में उन सदस्यों को उपलब्ध कराई जाएगी तथा बैठक में शामिल सदस्यगण जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के जरिए अपना वोट नहीं डाला है, वे बैठक में बैलट पेपर के माध्यम से अपने वोटाधिकार का प्रयोग कर पाएंगे। जो सदस्य एजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग के जरिए अपना वोट डाल चुके हैं एवं एजीएम में उपस्थित हो सकते हैं परंतु वे दोबारा वोट डालने के पात्र नहीं होंगे।

वार्षिक साधारण बैठक (एजीएम) में शामिल होने तथा वोट डालने के पात्र सदस्य अपनी जगह पर एक अथवा अधिक प्रतिनिधि नियुक्त करने के पात्र होंगे तथा वे उनकी ओर से वोट डाल पाएंगे तथा प्रतिनिधि को कंपनी का सदस्या होना अनिवार्य नहीं है। प्रतिनिधि नियुक्त करने के साधन वैध होने चाहिए तथा सभी पहलुओं में भरे हुए होने चाहिए तथा कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में बैठक शुरू होने से कम से कम अड़तालीस (48) घंटे यानी 28 सितम्बर, 2023 को पूर्वाह्न 11.00 बजे तक जमा किया जाना चाहिए।

सभी तरह के संचार इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त करने के लिए जिन सदस्यों ने अब तक अपने ईमेल का पता का पंजीकरण नहीं कराया है अथवा जो अपने ईमेल पता का नवीनीकरण कराना चाहते हैं उनसे अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंटों (इलेक्ट्रॉनिक धारण के लिए) अथवा एस.के. इंफोसोलूशन्स प्रा. लि., पंजीयक तथा कंपनी के शेयर अंतर एजेंट (भौतिक रूप से धारण के लिए) सम्पर्क करने का अनुरोध किया जाता है।

ई-वोटिंग के संबंध में किसी भी तरह के प्रश्न रहने पर सदस्यगण **www.evoting.nsdl.com** के डाउनलोड सेक्शन में शेयरधारकों के लिए उपलब्ध फ्रिक्वेंटी आस्क्ड क्वेश्चन (एफएक्यू) तथा ई-वोटिंग यूजर मैनुअल देख सकते हैं अथवा 022-4886 7000 तथा 022-2499 7000 पर कॉल कर सकते हैं अथवा सुश्री पल्लवी माहत्रे, वरिष्ठ प्रबंधक के पास **evoting@nsdl.co.in** पर अनुरोध भेज सकते हैं।

कृते आरडीएस फाइनैंस लिमिटेड
हस्ता/-
राजीव सिंह दुगल
(प्रबंध निदेशक)

स्थानः जमशेदपुर
तारीखः 4 सितम्बर, 2023